अंक सख्या-7/क्रमांक-1/माहः जनवरी, फरवरी, मार्च 2026

DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY
Bihar, Vaishali AN AISECT GROUP UNIVERSITY


# NEWS LETTER




## प्रथम दीक्षांत समारोह अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं ऐतिहासिक परिवेश में संपन्न हुआ




**डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय,** वैशाली में दिनांक **23 मार्च 2026** को विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं ऐतिहासिक परिवेश में संपन्न हुआ। इस गौरवपूर्ण अवसर पर संपूर्ण विश्वविद्यालय परिसर उत्साह, उल्लास एवं उपलब्धि की भावनाओं से सराबोर दिखाई दिया। सुव्यवस्थित आयोजन, सांस्कृतिक गरिमा एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के समन्वय ने इस समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। समारोह के दौरान विभिन्न संकायों के कुल **205 विद्यार्थियों** को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर उपाधियाँ प्रदान की गईं, **जबकि 21 मेधावी** एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु स्वर्ण पदकों से अलंकृत किया गया। यह क्षण विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए गर्व, संतोष एवं प्रेरणा का प्रतीक बना। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के **कुलाध्यक्ष श्री संतोष चौबे** ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के माननीय कृषि मंत्री श्री राम कृपाल यादव की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और अधिक ऊँचाई प्रदान की। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा कि "युवा शक्ति ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है। आज के विद्यार्थी न केवल अपने परिवार, बल्कि समाज और देश के भविष्य के निर्माता हैं। शिक्षा के साथ-साथ कौशल और नवाचार को अपनाकर ही हम विकसित भारत की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं।" उन्होंने विशेष रूप से कृषि एवं तकनीक के समन्वय पर बल देते हुए विद्यार्थियों को ग्रामीण विकास एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा के **उपाध्यक्ष श्री नरेंद्र नारायण यादव** ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि **"दीक्षांत समारोह** जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जहाँ से जिम्मेदारियों की एक नई यात्रा प्रारंभ होती है। शिक्षा केवल ज्ञान का अर्जन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाज के प्रति कर्तव्यबोध का माध्यम है।" स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय, भोपाल के **कुलाधिपति एवं आइसेक्ट समूह के सचिव डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी** ने अपने ओजस्वी एवं दूरदर्शी दीक्षांत भाषण में **AI Literacy Meet** प्रारंभ करने की घोषणा करते हुए कहा कि वर्तमान समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (**Artificial Intelligence**) का युग है, और विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में दक्ष बनाना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि "आने वाला भविष्य तकनीक-संचालित होगा, इसलिए आवश्यक है कि हम अपने युवाओं को AI के प्रति जागरूक और सक्षम बनाएं।" साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। अध्यक्षीय उद्बोधन में **कुलाध्यक्ष श्री संतोष चौबे** ने कहा कि आइसेक्ट समूह के माध्यम से हिंदी भाषा में इंजीनियरिंग, कंप्यूटर एवं अन्य तकनीकी विषयों की उच्च गुणवत्ता वाली पुस्तकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि "मातृभाषा में शिक्षा से विद्यार्थियों की समझ अधिक सुदृढ़ होती है, जिससे वे विषय को गहराई से आत्मसात कर पाते हैं। हमारा प्रयास है कि शिक्षा को सरल, सुलभ एवं सर्वसुलभ बनाया जाए।" समारोह में **डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय**, वैशाली के कुलाधिपति श्री अरविंद चतुर्वेदी, केंद्रीय प्लास्टिक अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) के निदेशक **डॉ. उपेंद्र पाल सिंह** तथा पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, बिहार चेयर **श्री कुमुद कुमार** ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को व्यावसायिक उत्कृष्टता, नैतिक मूल्यों एवं नवाचार की दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की उपाधि स्मारिका, वार्षिक प्रतिवेदन (एनुअल रिपोर्ट) एवं न्यूज़ लेटर का विधिवत विमोचन किया गया, जो विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक गतिविधियों एवं विकास यात्रा का प्रतिबिंब प्रस्तुत करते हैं। साथ ही "वैशालीः इतिहास, संस्कृति और धरोहर" तथा "ए टेक्स्ट बुक ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैथमेटिक्स (पार्ट-सी)" पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया, जो ज्ञान-सृजन एवं शोधपरक प्रयासों के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्रख्यात फिल्म अभिनेता एवं प्रेरक वक्ता श्री आशीष विद्यार्थी का प्रेरणादायी उद्बोधन रहा। उन्होंने अपने सशक्त एवं ऊर्जा से भरपूर वक्तव्य में विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं निरंतर प्रयास के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि "सफलता उन्हीं को मिलती है, जो चुनौतियों को अवसर में बदलने का साहस रखते हैं।" विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. समित तिवारी ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं **कुलसचिव प्रो. (डॉ.) ब्रिजेश सिंह** ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने, उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने हेतु संकल्पित है। उन्होंने कहा कि यह दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत, समर्पण एवं अनुशासन का उत्सव है। यह **प्रथम दीक्षांत समारोह** न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा का गौरवपूर्ण समापन था, बल्कि उनके जीवन में नई संभावनाओं, नए संकल्पों एवं उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने का प्रेरणास्रोत भी सिद्ध हुआ। यह आयोजन विश्वविद्यालय की उत्कृष्ट परंपरा, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं नवाचार के समन्वय का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा।



**शुभकामना संदेश**

डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, वैशाली (बिहार) के प्रथम दीक्षांत समारोह के इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं सभी स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देता हूँ। यह समारोह केवल शैक्षणिक उपलब्धि का उत्सव नहीं, बल्कि उस विश्वास और संकल्प का प्रतीक है जिसके माध्यम से युवा ज्ञान, कौशल और मूल्यों के साथ समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए आगे बढ़ते हैं।

डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय ने अल्प समय में ही शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बनाई है। मुझे विश्वास है कि यहाँ से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने ज्ञान, नैतिक मूल्यों और सामाजिक संवेदनशीलता के साथ समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

मैं विश्वविद्यालय परिवार–कुलगुरू, प्राध्यापकों, शोधार्थियों और सभी सहयोगियों–को भी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। आशा है कि यह संस्थान आने वाले वर्षों में शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा।

सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

**संतोष चौबे**
कुलाध्यक्ष
डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय,
वैशाली, बिहार

*Best Wishes Message*









# "शोध शिखर–2026" का भव्य आयोजन




**डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय,** वैशाली, बिहार में "शोध शिखर–2026" का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। इस शोध सम्मेलन का केंद्रीय विषय "**Innovation for Impact: Advance Green Technology and SDGs**" रहा, जिसका उद्देश्य नवाचार, हरित प्रौद्योगिकी तथा सतत विकास लक्ष्यों (**SDGs**) के प्रति शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को प्रेरित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात गणितज्ञ ***प्रोफेसर डॉ. के. सी. सिन्हा*** रहे। उन्होंने अपने सारगर्भित वक्तव्य में शोध की गुणवत्ता, मौलिकता एवं समाजोपयोगिता पर विशेष बल दिया तथा युवाओं को निरंतर अनुसंधान की राह पर अग्रसर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति ***डॉ. समित तिवारी*** ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न नवोन्मेषी मॉडलों एवं परियोजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच छात्रों की सृजनशीलता और वैज्ञानिक दृष्टि को सशक्त बनाते हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव ***डॉ. ब्रिजेश सिंह*** ने इस प्रकार के शोध शिखरों के निरंतर आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि शोध शिखर केवल एक अकादमिक आयोजन नहीं, बल्कि विचारों के मंथन, नवाचार के संचार और समाज के लिए उपयोगी ज्ञान के सृजन का सशक्त मंच है।" कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में **डॉ. यू. पी. सिंह, निदेशक,** सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (CIPET), हाजीपुर; **डॉ. निखिल आनंद गिरि,** चेयरमैन, इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट, पटना; श्रीमती डिप्टी आनंद, बिज़नेस डेवलपर तथा **डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंह,** डीन एकेडमी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने शोध, नवाचार और उद्योग–शैक्षणिक सहयोग पर अपने विचार साझा किए। **शोध शिखर–2026** में देश के विभिन्न संस्थानों से आए अनेक शोधकर्ताओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए, वहीं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने विविध विषयों पर आधारित परियोजनाओं का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस सफल आयोजन में **डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंह** की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन शोध, नवाचार और सतत विकास के संकल्प के साथ किया गया, जिससे यह आयोजन सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत प्रेरक सिद्ध हुआ।

# महान कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की जयंती सह अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन




**डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय,** वैशाली की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक पहल वनमाली सृजन पीठ, वैशाली तथा राष्ट्रीय बज्जिका भाषा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्वविद्यालय परिसर में महान **कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'** की जयंती सह अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के पावन अवसर पर एक गरिमामय एवं भावपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता रही "बज्जिका वार्षिकी 2026" का भव्य लोकार्पण, जिसे राष्ट्रीय बज्जिका भाषा परिषद, हाजीपुर द्वारा औपचारिक रूप से जारी किया गया। बज्जिका को एक सशक्त लोकभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने के उद्देश्य से संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन बज्जिका लोकभाषा में ही किया गया, जिसने आयोजन को विशिष्ट गरिमा और भाषाई आत्मीयता प्रदान की। समारोह की दूसरी मुख्य विशेषता भव्य "**कवि सम्मेलन**" रहा, जिसमें आमंत्रित कवियों ने बज्जिका, हिंदी और मातृभाषा की महिमा पर ओजस्वी, भावपूर्ण एवं चिंतनशील रचनाओं का पाठ किया। कविताओं में लोकजीवन की सजीवता, सांस्कृतिक अस्मिता और भाषाई गौरव की अनुगूंज स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से कवियों का उत्साहवर्धन किया, जिससे संपूर्ण सभागार साहित्यिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री ओंकार प्रसाद सिंह, प्रो. ब्रह्मदेव प्रसाद कार्यी, श्री वैशिष्ट्य राय वैशिष्ट्य, श्री देवेंद्र राकेश तथा श्री ज्वाला संध्या पुष्प की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के **कुलपति डॉ. समित तिवारी** ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में **कुलपति डॉ. समित तिवारी** ने निराला के साहित्यिक अवदान को रेखांकित करते हुए उनके रचनात्मक वैभव, सामाजिक चेतना एवं भाषिक संवेदनशीलता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने मातृभाषाओं के संरक्षण एवं संवर्धन को सांस्कृतिक अस्मिता की आधारशिला बताते हुए युवा पीढ़ी से अपनी भाषा और साहित्य के प्रति सजग एवं समर्पित रहने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष **डॉ. विनोद कुमार शर्मा** ने बज्जिका की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसकी भाषिक विशेषताओं तथा निराला की रचनाओं की सारगर्भित व्याख्या प्रस्तुत की। कृषि विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र दिवाकर कुमार तिवारी ने अपनी स्वरचित कविता का प्रभावशाली पाठ कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। समारोह में उपस्थित विद्वानों एवं साहित्यप्रेमियों ने बज्जिका भाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं अकादमिक प्रतिष्ठा के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का वातावरण भाषा, साहित्य और संस्कृति के प्रति गहन श्रद्धा एवं संवेदनशीलता से ओत-प्रोत रहा।कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका वनमाली सृजन पीठ, वैशाली के संयोजक श्री रिशु कुमार की थी।

# डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस का भव्य आयोजन

**डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय,** वैशाली, बिहार के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक पहल के अंतर्गत वनमाली सृजनपीठ द्वारा आज विश्वविद्यालय परिसर में विश्व हिंदी दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। यह समारोह हिंदी भाषा की गरिमा, समृद्ध परंपरा एवं वैश्विक महत्व को रेखांकित करने हेतु समर्पित रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में विश्वविद्यालय के **कुलपति डॉ. समित तिवारी, प्रतिकुलपति डॉ. बसंत कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह,** प्रख्यात कवि एवं साहित्यकार श्री अखौरी चंद्रशेखर, डॉ. सुनीता गुप्ता (प्राध्यापिका, आर. एन. कॉलेज, हाजीपुर), डॉ. छोटेलाल गुप्ता (प्राध्यापक, जमुनीलाल कॉलेज, हाजीपुर) तथा सुश्री अर्पिता स्नेह (मीडिया एवं संचार विशेषज्ञ, दूरदर्शन, पटना) विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. समित तिवारी ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए कविता पाठ एवं काव्य प्रस्तुतियाँ दीं। **कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह** ने हिंदी भाषा के विकास, उसकी वर्तमान स्थिति तथा संवैधानिक पक्ष पर सारगर्भित विवेचन प्रस्तुत किया। कुलपति डॉ. समित तिवारी ने हिंदी की समकालीन प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कविता पाठ के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. सुनीता गुप्ता ने मानव संवेदना और रचनात्मकता को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ समन्वयित करते हुए हिंदी भाषा से जुड़े विविध पक्षों पर प्रकाश डाला। सुश्री अर्पिता स्नेह ने मीडिया में हिंदी की भूमिका पर अपने विचार रखते हुए स्वरचित कविता का पाठ किया। डॉ. छोटेलाल गुप्ता ने "मेरी कलम" शीर्षक कविता का पाठ किया, जबकि श्री अखौरी चंद्रशेखर ने अपनी काव्य प्रस्तुति के साथ हिंदी भाषा की विशिष्टताओं पर प्रभावशाली वक्तव्य दिया। इसी कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुशील जमरियार द्वारा रचित कविता-संग्रह "सपनों का गणित" का लोकार्पण किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय के आधिकारिक न्यूज़लेटर का भी विमोचन अतिथियों के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहना के साथ स्वीकार किया। कार्यक्रम के मंच का कुशल एवं प्रभावी संचालन शुभांगी शिखा तथा राणा आशुतोष द्वारा किया गया। अंत में डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वनमाली सृजनपीठ के समन्वयक श्री रिशु कुमार का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।



# विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस–2026 का गरिमामय आयोजन

**डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय,** वैशाली, बिहार के प्रांगण में 26 जनवरी 2026 को 77वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, राष्ट्रभक्ति एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. समीत तिवारी रहे। उनके साथ **कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह,** विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण, शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ माननीय **कुलपति डॉ. समीत तिवारी** द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात पूरे परिसर में राष्ट्रगान की गूंज सुनाई दी। एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत शानदार परेड ने सभी को गौरवान्वित किया, जिसका निरीक्षण कुलपति एवं कुलसचिव द्वारा किया गया। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य, गीत एवं प्रेरणादायी भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विश्व रंग के तहत हिंदी ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का प्रभावशाली मंच संचालन रिद्धिमा एवं सुयश द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे समारोह को अनुशासित एवं रोचक बनाए रखा। इस अवसर पर **कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह** ने अपना प्रेरणादायी वक्तव्य देते हुए राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा एवं संविधान के मूल्यों पर प्रकाश डाला। समारोह का समापन राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका और संविधान के आदर्शों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ हुआ। गणतंत्र दिवस का यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणा, गर्व और उल्लास का स्रोत बना।





# प्रतिष्ठित कंपनियों 'मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड' एवं 'डेल्हीवरी लिमिटेड' द्वारा कुल 34 विद्यार्थियों का कैंपस चयन

**डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय,** वैशाली में आयोजित कैंपस चयन प्रक्रिया के अंतर्गत दो प्रतिष्ठित कंपनियों मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड एवं डेल्हीवरी लिमिटेड द्वारा कुल 34 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष एवं गौरव का वातावरण व्याप्त है। कैंपस चयन के दौरान मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के प्रतिनिधि श्री कृष्ण चंद्र (मानव संसाधन प्रबंधक) एवं श्री विकास छेत्री (वरिष्ठ प्रबंधक) ने डिप्लोमा मैकेनिकल तथा डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल शाखा के कुल 26 विद्यार्थियों का चयन किया। वहीं डेल्हीवरी लिमिटेड की ओर से सुश्री पायल कुमारी (मानव संसाधन प्रतिनिधि) एवं श्री गौरव वर्मा (वरिष्ठ प्रबंधक) ने 8 विद्यार्थियों का चयन किया। चयनित विद्यार्थियों को औसतन तीन लाख रुपये वार्षिक वेतनमान का प्रस्ताव प्रदान किया



**(डॉ.) ब्रिजेश सिंह** ने चयनित विद्यार्थियों को औपचारिक रूप से नियुक्ति-पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था का प्रतिफल है। आगामी दिनों में विश्वविद्यालय में अन्य प्रतिष्ठित कंपनियाँ सक्सेस नंबर लिमिटेड तथा बर्जर पेंट्स लिमिटेड द्वारा भी कैंपस चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। सक्सेस नंबर लिमिटेड द्वारा बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) के विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा, जबकि बर्जर पेंट्स लिमिटेड द्वारा एमबीए एवं बी.टेक (सिविल) के विद्यार्थियों के लिए अवसर उपलब्ध कराए जाएँगे। इन पदों के लिए औसत वार्षिक वेतनमान लगभग आठ लाख रुपये निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि संपूर्ण कैंपस चयन प्रक्रिया के सफल आयोजन में प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट पदाधिकारी श्री संजीत कुमार, श्री पंकज कुमार तथा सुश्री सुरभि कुमारी का विशेष योगदान रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया है कि भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यार्थियों को उत्कृष्ट रोजगार अवसर प्राप्त होते रहेंगे और **डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय,** वैशाली शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

# "एलुमनी मीट–2026" का भव्य आयोजन

**डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय,** वैशाली में **"एलुमनी मीट–2026"** का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में किया गया, जिसमें देश-विदेश में कार्यरत विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के **कुलपति डॉ. समित तिवारी,** प्रति-कुलपति डॉ. बसंत सिंह, कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह, डीन एकेडमिक डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अमरीश कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एलुमनी मीट में ऑनलाइन माध्यम से भी कई पूर्व विद्यार्थियों ने सहभागिता की। नैरोबी से रौवचिश रंजन तथा यूएई से केशव ने कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़कर अपने अनुभव साझा किए और विश्वविद्यालय से जुड़ी अपनी स्मृतियों को ताजा किया। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। प्रत्याशा कुमारी को बेस्ट एलुमनी अवार्ड, रौवचिश रंजन को इंटरनेशनल एलुमनी अवार्ड तथा रकिया नाज़ को बेस्ट परफॉर्मिंग एलुमनी अवार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. समित तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी उसकी सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। उनकी उपलब्धियाँ न केवल संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ाती हैं, बल्कि वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का







स्रोत भी बनती हैं। प्रति-कुलपति डॉ. बसंत सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि एलुमनी मीट के माध्यम से पूर्व विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय के बीच संबंध और अधिक मजबूत होते हैं। इससे वर्तमान छात्रों को मार्गदर्शन और करियर संबंधी नई संभावनाओं के बारे में जानकारी मिलती है। **कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह** ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व करता है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से एलुमनी को संस्थान से जोड़ने का प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर सम्मानित पूर्व छात्रा रकिया नाज़ ने कहा कि डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय ने उन्हें न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने का आत्मविश्वास भी दिया। उन्होंने कहा कि आज जिस मुकाम पर वह हैं, उसमें विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण योगदान है। पूर्व छात्रा ज्योति द्विवेदी ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में प्राप्त शिक्षा, मार्गदर्शन और अनुशासन ने उनके व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने वर्तमान विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर श्री संजीत कुमार, सुरभि कुमारी तथा पंकज कुमार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन सभी एलुमनी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए तथा भविष्य में भी इस परंपरा को और व्यापक रूप देने के संकल्प के साथ किया गया।

## वार्षिक खेल महोत्सव "स्पर्धा 3.0" (ANNUAL SPORTS 2026)




**डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय** में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव **"स्पर्धा 3.0"** (Annual Sports 2026) का शुभारंभ 9 फरवरी 2026 को हुआ था, जिसका समापन 12 फरवरी 2026 को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। चार दिवसीय इस आयोजन में विद्यार्थियों ने क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस तथा 200 मीटर दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के **कुलपति डॉ. समित तिवारी, प्रति-कुलपति डॉ. बसंत सिंह, कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह,** अधिष्ठाता (शैक्षणिक) डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह तथा अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) डॉ. अमरीश कुमार सिंह द्वारा मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं में क्रिकेट में सीवीआरयू वॉरियर विजेता एवं एलीट रॉयल्स उपविजेता रही। वॉलीबॉल में एलीट रॉयल्स विजेता रही। कबड्डी में बी.एससी. कृषि टीम विजेता एवं एलीट सीएसई उपविजेता रही। टेबल टेनिस में अविनाश कुमार विजेता रहे। शतरंज में शशांक शर्मा तथा कैरम में रवि कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में आदित्य राजपूत प्रथम, उज्ज्वल प्रकाश द्वितीय एवं प्रशांत कुमार तृतीय स्थान पर रहे। अपने संबोधन में कुलपति महोदय ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की खेल भावना, अनुशासन एवं उत्साह की सराहना की। कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने आयोजन समिति, निर्णायक मंडल तथा सभी प्रतिभागियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय सदैव विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करता रहेगा।




## "साइबर सुरक्षा सतर्कता अभियान" का सफल आयोजन




**डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय,** वैशाली में विद्यार्थियों एवं कर्मियों को डिजिटल युग में सुरक्षित और सजग बनाने के उद्देश्य से **"साइबर सुरक्षा सतर्कता अभियान"** का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के **कुलपति डॉ. समीत तिवारी** ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का विषय बन चुका है। उन्होंने कहा, "डिजिटल प्लेटफॉर्म ने जहां जीवन को सरल बनाया है, वहीं साइबर अपराधों की चुनौतियाँ भी बढ़ी हैं। विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता के साथ-साथ नैतिकता एवं सतर्कता को भी अपनाना होगा। जागरूक नागरिक ही सुरक्षित समाज की आधारशिला रख सकते हैं।" उन्होंने विश्वविद्यालय में नियमित रूप से साइबर जागरूकता कार्यशालाएँ आयोजित करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। **कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह** ने अपने वक्तव्य में कहा कि किसी भी संस्थान की सुरक्षा केवल भौतिक परिसर तक सीमित नहीं होती, बल्कि उसका डिजिटल तंत्र भी उतना ही सुरक्षित होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने पासवर्ड, ओटीपी एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करने की सलाह दी तथा संदिग्ध लिंक एवं फर्जी कॉल से सतर्क रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, साइबर सेल, हाजीपुर की डीएसपी चांदनी सुमन ने साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों जैसे ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, सोशल मीडिया हैकिंग एवं डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि थोड़ी-सी असावधानी गंभीर आर्थिक एवं मानसिक क्षति का कारण बन सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को **साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930** एवं आधिकारिक पोर्टल पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया और कहा कि "सतर्कता ही साइबर सुरक्षा का प्रथम और सर्वश्रेष्ठ उपाय है।" कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमरीश कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। अंत में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट ऋषु कुमार ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार एवं सजग नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का समापन साइबर सुरक्षा की शपथ एवं जागरूकता संकल्प के साथ हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियानों के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई।

# डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय और CIPET के बीच समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर



**डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय,** वैशाली, बिहार तथा सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (CIPET), हाजीपुर के बीच शैक्षणिक, अनुसंधान एवं तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर समझौता ज्ञापन पर डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय की ओर से **कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह तथा CIPET CSTS,** हाजीपुर की ओर से निदेशक **डॉ. यू. पी. सिंह** ने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के **कुलपति डॉ. समित तिवारी,** डीन अकादमी **डॉ. धर्मेंद्र सिंह,** डीन स्टूडेंट वेलफेयर **डॉ. अमरीश कुमार सिंह** सहित दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। यह MoU दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को नई दिशा प्रदान करेगा। इसके अंतर्गत CIPET के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों एवं तकनीकी विशेषज्ञों तथा **डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय** के संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों के बीच नियमित संवाद एवं सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं की शुरुआत, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाओं का आयोजन तथा विभिन्न तकनीकी सेवाओं के आदान-प्रदान की योजना भी शामिल है। समझौते का प्रमुख उद्देश्य उद्योग-उन्मुख शिक्षा, नवाचार तथा कौशल विकास को बढ़ावा देना है, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके और वे आधुनिक तकनीकी चुनौतियों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच ज्ञान, संसाधन एवं विशेषज्ञता के आदान-प्रदान को सशक्त बनाएगा और क्षेत्रीय स्तर पर शिक्षा, अनुसंधान एवं तकनीकी विकास को गति प्रदान करेगा।

# युवा दिवस से जुड़े स्वच्छता संकल्प के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान




**डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय,** वैशाली, बिहार में **युवा दिवस (12 जनवरी)** के अवसर पर आयोजित एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता संकल्प अभियान चलाया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर के पुराने पार्किंग क्षेत्र की व्यापक सफाई की गई। इस अभियान में कुल **52 एनसीसी कैडेट्स** ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अभियान का नेतृत्व एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट रिशु कुमार ने किया तथा स्थायी प्रशिक्षक शोएब अख्तर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, ओंकार शरद एवं कार्यक्रम समन्वयक गौरव कुमार का सहयोग भी रहा। स्वच्छता अभियान के उपरांत सभी एनसीसी कैडेट्स को स्वच्छता बनाए रखने एवं स्वच्छ भारत मिशन के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध रहने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय **कुलपति डॉ. समीत तिवारी,** प्रति **कुलपति डॉ. बसंत सिंह** एवं **कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह** ने एनसीसी कैडेट्स की अनुशासनप्रियता, सेवा भावना एवं सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रसेवा की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

# विज्ञापन (डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय)







